राजस्थान सरकार

# हवामहल

## (कोरोना समय में बच्चों का झरोखा)

RSCERT Udaipur

**28 अगस्त 2021: शनिवार: वर्ष - 2: अंक – 17**

### सोनपरी से दोस्ती
**आज की कहानी**

‘कितना अच्छा होता यदि मेरी सोनपरी से दोस्ती हो जाती। सोन परी अपनी जादुई छड़ी घुमाती और मेरे सौ में से सौ अंक आ जाते।’ श्वेता के मन में ऐसे विचार बार-बार आ रहे थे। वो ऐसा क्यों सोच रही थी? क्या सोनपरी से उसकी दोस्ती हुई? जानने के लिय इस किताब के चित्र पर क्लिक कर कहानी सुनें।

3 + वर्ष के बच्चों के लिए I NBT-बोलती किताबें




### पारस का बदला
**आज की कहानी**

निखिल पारस को पसंद नहीं करता था। एक पार्टी के दौरान उसने पारस को चोट पहुंचाने की कोशिश की। पारस ने उससे कहा कि वह इस व्यवहार का उससे बदला लेगा। निखिल डर गया कि शायद उसे स्कूल से निकाल दिया जाए। इस कहानी को सुनने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें।

6 + वर्ष के बच्चों के लिए | एक कहानी मीनू की ज़बानी




### ऋतुओं का स्कूल
**आज की किताब**

ऋतुओं का स्कूल ‘मौसम’ विषय पर लिखी कविताओं का संकलन है। जो बाल विज्ञान पत्रिका चकमक में प्रकाशित हुई थीं। इस किताब को पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6 + वर्ष के बच्चों के लिए | एकलव्य




### पेन स्टैंड
**आज की गतिविधि**

इस वीडियो के माध्यम से आज हम आपके लिए पेन स्टैंड बनाने की जानकारी दे रहे हैं। घर बैठे इसे बनाकर आप खुद के लिए या अपने छोटे भाई-बहनों को इस्तेमाल के लिए दे सकते हैं। इस गतिविधि का वीडियो देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

6 + वर्ष के बच्चों के लिए | आओ सीखें



### किताब पर बातचीत
**टीचर्स कॉर्नर**

इस लेख में लेखक ने बच्चों के साथ किए अपने काम को अनुभवों व सवालों के उदाहरणों के साथ रखा है। साथ ही सुझाया है कि बच्चों से किताबों पर बातचीत कैसे की जाए? कैसे उनके अनुभवों को शामिल करते हुए बातचीत का विस्तार किया जाए? बच्चों को पाठक के रूप में विकसित करने के लिए लेख शुरुआती कक्षाओं के शिक्षकों के लिए उपयोगी है। आलेख पढ़ें।

शिक्षकों के लिए | संदर्भ पत्रिका



#घर में रहें

#आनन्द से पढ़ें

कुतुबमीनार का पेड़

स्टोरी बॉक्स

ऑडियो कहानी सुनने के लिए स्टोरी बॉक्स पर क्लिक करें।
(6-12 वर्ष के बच्चों के लिए | PFEL)

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।

एक भारत श्रेष्ठ भारत – असमिया भाषा में गिनना